सौराष्ट्र में संचार नेटवर्क के विकास के लिए निर्धारित निधियां

877. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :** क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने गुजरात के शहरी क्षेत्रों के अंतर्गत पड़ने वाले सभी पात्र गांवों में डाकघर खोलने की कोई योजना तैयार की है ;

(ख) यदि हां, तो आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कार्यान्वयन के लिए बनाई गई योजना का ब्यौरा क्या है तथा इस उद्देश्य के लिए प्रत्येक जिले के लिए कितनी धनराशि का आवंटन किया गया है ; और

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान सौराष्ट्र में संचार नेटवर्क के विकास के लिए कुल कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है तथा विकास कार्यों का ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) से (ग) डाकघर निर्धारित मानदण्डों के अनुसार खोले जाते हैं बशर्ते कि धनराशि उपलब्ध हो। आठवीं योजना के पहले दो वर्षों के दौरान, गुजरात में 45 शाखा डाकघर तथा 10 उप डाकघर खोले गए हैं। नए डाकघर खोलने के उद्देश्य से 12.29 लाख रु. की धनराशि आबंटित की गई थी। धनराशि का जिलावार आबंटन नहीं किया जाता है। आठवीं योजना की शेष अवधि के लिए लक्ष्यों को अभी अंतिम रूप दिया जाना है।

निम्नलिखित वर्षों के दौरान सौराष्ट्र क्षेत्र में खोले गए डाकघर :–

1992–93	एक उप डाकघर
	6 शाखा डाकघर
9 93–94	2 शाखा डा कघर

संचार मंत्रालय के अधीन उपक्रमों / संगठनों में भ्रष्टाचार

878. **चौधरी हरमोहन सिंह :**
श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला :

क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को संचार मंत्रालय के अधीन आने वाले उपक्रमों/संगठनों में व्याप्त भ्रष्टाचार की जानकारी है,

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की गई और कितने अधिकारियों को बर्खास्त किया गया, और

(ग) भ्रष्ट अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के लिए सरकार क्या प्रयास कर रही है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) जी हां। संचार मंत्रालय के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में भ्रष्टाचार के कुछ मामले जानकारी में आए हैं।

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान, 34 अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाई की गई थी और एक अधिकारी को सेवा से बर्खास्त किया गया है।

(ग) सभी उपक्रमों में पूर्ण-विकसित सतर्कता संगठन कार्यरत हैं। भ्रष्टाचार के आरोप की शिकायतों की जांच की जाती है और नियमानुसार कार्रवाई की जाती है।

ग्रामीण क्षेत्र में डाक वितरण प्रणाली की समीक्षा

879. **चौधरी हरमोहन सिंह :**
श्री ईश दत्त यादव

क्या **संचार मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों

में डाक वितरण प्रणाली की समीक्षा की है ;

(ख) यदि हां, तो इस समीक्षा का क्या परिणाम रहा है ; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है ?

संचार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री सुखराम) : (क) से (ग) ग्रामीण क्षेत्रों में डाक वितरण व्यवस्था की आवधिक समीक्षा की जाती है। डाक नेटवर्क के विस्तार द्वारा डाक वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने और उसका विस्तार करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाते हैं।

आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रथम दो वर्षों के दौरान देश के विभिन्न भागों में 1533 डाकघर खोले गए हैं। इनमें से 1302 अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर ग्रामीण, जनजातीय व दुर्गम क्षेत्रों के लिए मंजूर किए गए थे।

डाकघरों के लिए भवनों का निर्माण

850. **चौधरी हरमोहन सिंह :**
श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कई डाकघर किराए के मकानों में चल रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान किराए पर राज्यवार कितनी राशि खर्च की गई ; और

(ग) सरकार द्वारा डाकघरों के लिए भवनों के निर्माण के बारे में क्या प्रयास किए गए हैं और इस उद्देश्य के लिए गत तीन वर्षों के दौरान हर वर्ष कितनी राशि आवंटित की गई है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) जी हां।

(ख) किराए के भवनों में कार्य कर रहे डाकघरों के लिए पिछले तीन वर्षों के दौरान अदा किए गए किराए का सर्किलवार ब्यौरा विवरण में दिया गया है। चूंकि, राज्यवार आंकड़े नहीं रखे जाते, इसलिए अनुबंध में जानकारी डाक सर्किल-वार दी गई है।

(ग) डाक प्रचालन कार्यों की कार्यकुशलता बहुत हद तक खुले और भलीभांति डिजाइन किए गए वनों की उपलब्धता पर निर्भर करती है। अतः डाक विभाग की अनुक्रमिक पंचवर्षीय योजनाओं के उद्देश्य में एक उद्देश्य डाकघरों और डाक कार्यालयों के लिए वनों का निर्माण करना भी है। सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान डाक विभाग ने वनों के निर्माण पर 155.55 करोड़ रुपए खर्च किए। डाकघरों और डाक कार्यालयों के लिए वनों के निर्माण के प्रयोजन से गत तीन वर्षों के दौरान आवंटित की गई धनराशि निम्नानुसार है :

(करोड़ रुपए में)

1991-92	1992-93	1993-94
19.30	20.00	25.95